ग्रामीण विद्युतीकरण के लक्ष्यों की प्राप्ति

1254. **श्री राजूभाई ए० परमार** : क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) गत वर्ष राज्यवार क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और उन लक्ष्यों को कहां तक प्राप्त किया गया है ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) ग्राम विद्युतीकरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन, राज्य बिजली बोर्डों/राज्य सरकारों के विद्युत विभागों द्वारा राज्य योजना एवं ग्राम विद्युतीकरण निगम के कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जाता है जिसके लिये योजना आयोग द्वारा वर्ष दर-वर्ष आधार पर लक्ष्य अनुमोदित किये जाते हैं । सातवीं पंचवर्षीय योजना एवं वर्ष 1990-91 तथा 1991-92 के दौरान, ग्राम विद्युतीकरण और पम्पसैटों के ऊर्जन से संबंधित लक्ष्यों को कुल मिलाकर प्राप्त कर लिया गया है तथा कुछ मामलों में उपलब्धि, लक्ष्य से भी अधिक रही है ।

(ग) पिछले वर्ष अर्थात् 1991-92 के दौरान गांवों के विद्युतीकरण एवं पम्पसैटों के ऊर्जन के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों और उपलब्धि का राज्य-वार ब्यौरा विवरण में दिया गया है ।

विवरण

वर्ष 1991-92 के दौरान ग्राम विद्युतीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत लक्ष्यों एवं उपलब्धियों का राज्यवार विवरण

राज्य	ग्राम विद्युतीकरण		पम्पसैटों का ऊर्जन	
	लक्ष्य	उपलब्धि (अनंतिम)	लक्ष्य	उपलब्धि (अनंतिम)
1	2	3	4	5
आंध्र प्रदेश	—	—	39200	80609
अरूणाचल प्रदेश	152	130	—	—
असम	240	120	—	161
बिहार	350	517	2000	2712
गोवा	—	—	—	320
गुजरात	—	—	10200	23771
हरियाणा	—	—	6700	18588
हिमाचल प्रदेश	—	—	40	177
जम्मू एवं कश्मीर	10	9	85	269
कर्नाटक	—	—	11420	71809
केरल	—	—	5075	20837

1	2	3	4	5
मध्य प्रदेश . . .	1170	1856	42750	58315
महाराष्ट्र . . .	—	—	48300	86656
मणिपुर . . .	135	150	—	शून्य
मेघालय . . .	120	44	—	शून्य
मिजोरम . . .	60	60	—	शून्य
नागालैंड . . .	—	—	—	शून्य
उड़ीसा . . .	995	1011	2900	4852
पंजाब . . .	—	—	10500	20579
राजस्थान . . .	550	760	10450	25100
सिक्किम . . .	—	—	—	—
तमिलनाडु . . .	2	7	24400	40108
त्रिपुरा . . .	153	200	30	100
उत्तर प्रदेश . . .	750	744	12500	22134
प० बंगाल . . .	650	436	7480	3218
जोड़ राज्य . . .	5337	6044	233930	480315
जोड़ संघ शासित राज्य . .	—	—	600	718
जोड़ (अखिल भारत) . .	5337	6044	234530	481033

उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की बिगड़ती स्थिति

1255. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अतिरिक्त कल-पुर्जे उपलब्ध न होने के कारण उत्तर प्रदेश में विद्युत-आपूर्ति की स्थिति बिगड़ती जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की स्थिति में सुधार करने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ; और

(ग) अतिरिक्त कल-पुर्जे उपलब्ध न होने के कारण उत्तर प्रदेश के कौन कौन से जिले प्रभावित हुये हैं ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) से (ग) कलपुर्जों हेतु निधियों की व्यवस्था किये जाने तथा रूस से कलपुर्जे प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड को कठिनाई का सामना करना पड़ता रहा है । तथापि, इससे उत्तर प्रदेश में विद्युत सप्लाई संबंधी स्थिति पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा है । पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य में विद्युत सप्लाई संबंधी स्थिति निम्नानुसार है:—

वर्ष	आवश्यकता (मि०यू०)	उपलब्धता (मि०यू०)	कमी	
			मि०यू०	प्रतिशतता
1989–90 . . .	27580	24667	2913	10.6
1990–91 . . .	29940	26758	3182	10.6
1991–92 . . .	31540	28280	3260	10.3

मि०यू०—मिलियन यूनिट